नौसेना दिवस मनाया गया

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लमगढ़ में प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में नेवी डे (नौसेना दिवस) मनाया गया । देश में भारतीय नौसेना की उपलब्धियों और भूमिका को पहचानने के लिए हर साल 4 दिसंबर को भारत में नौसेना दिवस मनाया जाता है। 4 दिसंबर को 1971 को ऑपरेशन ट्राइडेंट के दौरान , भारतीय नौसेना ने पीएनएस खैबर सहित चार पाकिस्तानी जहाजों को डुबो दिया था , जिसमें सैकड़ों पाकिस्तानी नौसेना के जवान मारे गए थे। भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने, भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को याद करते हुए नौसेना दिवस मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर एन० सी० सी० कैडेट्स द्वारा युद्धपोत पोस्टर बनाकर व नौसेना के इतिहास और पराक्रम को भाषण के माध्यम से रखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैडेट्स कीर्ति, नेहा,अंजलि और मीनाक्षी ने भाग लिया वहीं भाषण प्रतियोगिता में नताशा, भारती, सिमरन, निकिता और आकांक्षा ने अपनी सहभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता का आयोजन एन० सी० सी० अधिकारी की देखरेख में हुआ। इस आयोजन हेतु अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने व एन० सी० सी० नेवल इकाई के अधिकारी कैप्टेन विवेक कुमार ने महाविद्यालय अधिकारी को व समस्त कैडेट्स को शुभकामनाएं दी।